## नगर में सीवर लाइन कार्य की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

# सड़क पर काफी ऊंचे बनाए गए सीवर लाइन के चैंबर







**मण्डला।**

मां नर्मदा को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से मंडला जिले में तीन साल पहले सीवर लाइन का कार्य शुरू किया गया था। यह कार्य शहर के गंदे पानी को एकत्र करने के बाद उसे फिल्टर प्लांट के माध्यम से शुद्ध करने और फिर अन्य कार्यों में उपयोग करने के लिए किया जा रहा था। लेकिन इस कार्य की गति और गुणवत्ता को लेकर अब तक कई सवाल खड़े हो चुके हैं।

जिले के पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बार.बार इस मुद्दे को उठायाए लेकिन नगर पालिका प्रशासन और जिला प्रशासन ने इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। कार्य की धीमी गति और गुणवत्ता की कमी के कारण अब तक बहुत से स्थानों पर समस्याएँ उत्पन्न हो चुकी हैं। सीवर लाइन का कार्य मुख्य रूप से ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा हैए जिनकी लापरवाही और घटिया कामकाजी नीतियाँ इलाके में बड़े पैमाने पर चर्चा का विषय बन चुकी हैं।

इसकी ज्वलंत मिसाल शारदा कॉलोनी में देखने को मिलती हैए जहां सीवर लाइन के चैंबर सड़क पर काफी ऊंचे बनाए गए हैंए जिससे यातायात बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। ये ऊंचे चैंबर न केवल लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैंए बल्कि दुर्घटनाओं को आमंत्रित करने की



स्थिति भी उत्पन्न कर रहे हैं। स्थानीय निवासी और व्यापारिक वर्ग इस स्थिति से बेहद परेशान हैं।

इस पर सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय मीडिया ने आवाज उठाई है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं मिली है। सीवर लाइन कार्य की गुणवत्ता को लेकर कई बार शिकायतें की गई हैंए लेकिन ठेकेदार और प्रशासन पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। लोग अब इस स्थिति से परेशान होकर कह रहे हैं कि प्रशासन चाहे जो करेए ठेकेदार अपनी मनमर्जी से काम कर रहे हैं और कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।मंडला के नागरिकों की यह चिंता और प्रशासन की उदासीनता इस बात का प्रतीक बन गई है कि जिले में विकास कार्यों के नाम पर गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि प्रशासन आखिर कब तक ऐसे घटिया कार्यों को अनदेखा करता रहेगा और कब तक स्थानीय लोग इन परेशानियों से जूझते रहेंगे।

### इनका कहना है

सीवर लाइन के जो चेंम्बर बनाए गये हैए अधिक ऊचे होने के कारण चैंबरों से वाहन टकरा रहे हैंए साथ ही चेम्बरों के ढक्कन छतिग्रस्त हो जाने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ गयी है।

**दीपक जाट पत्रकार**
**शारदा कालोनी, मण्डला**

सीवर लाइन की गुणवत्ता को लेकर मैंने अनेकों बार ठेकेदार को सूचना दी है जब ध्यान नही दिया गया तो मेरे को सीएम हेल्पलाइन का सहारा लेना पड़ाए जो चेम्बर्स बनाये जा रहे हैंए उनमे गुणवत्ता का ध्यान नही दिया जा रहा और रोड़ से अधिक ऊचे बनने के कारण दुर्घटना होने की संभावनाएं बनी रहती है।

**चन्द्र गुप्त नामदेव**
**शारदा कालोनी, मण्डला**

## खबर संक्षेप

### आयकर संबंधी दस्तावेज बीईओ ऑफिस में जमा करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी

**मण्डला।** -कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मण्डला के अधीनस्थ कार्यरत समस्त कर्मचारियों/शिक्षक वर्ष 2024-25 में आयकर कटोती हेतु अपना आयकर रिर्टन फार्म दो प्रति में, वेतन विवरणी फार्म दो प्रति में एवं पेन कार्ड की स्पष्ट छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति भी संलग्न करते हुए 15 फरवरी 2025 तक कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं। साथ ही 10 आई फार्म संलग्न करने पर उससे संबंधित समस्त चिकित्सा प्रमाण पत्र एवं चिकित्सा देयक भी संलग्न करना अनिवार्य है। आयकर रिर्टन फार्म मे अपना मोबाईल नम्बर स्पष्ट रूप से अंकित करें।

### 7 से 14 फरवरी तक एमपी ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल बंद रहेगा

**मण्डला।** राज्य लोक सेवा अभिकरण के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार एमपी ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल बंद करने की तारीखों में संशोधन किया गया है। अब पोर्टल की सेवाएं 7 फरवरी की रात्रि 8 बजे से 14 फरवरी 2025 की रात्रि 8 बजे तक की अवधि के लिए पूर्णतः बंद रहेंगी। इस अवधि में पोर्टल पर समस्त सेवाएं बाधित रहेंगी।

### ई-ऑफिस परियोजना के क्रियान्वयन हेतु एनआईसी में प्रशिक्षण आज

**मण्डला।** मध्यप्रदेश शासन के निर्णय अनुसार ई-ऑफिस कार्यप्रणाली को 31 मार्च 2025 तक देश के समस्त जिलों में लागू की जानी है, मंडला जिले में ई-ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ई-ऑफिस क्रियान्वयन समिति का पुर्नगठन कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता किया गया है। इस समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला कोषालय अधिकारी समिति के सदस्य हैं। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी एनआईसी नोडल अधिकारी तथा जिला प्रबंधक ई-गवर्नेस सचिव होंगे। इस परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार 7 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा एनआईसी में सभी मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।<

### हम्माल तूलैया संघ ने सूर्यकुंड में चढ़ाया ध्वज



**मण्डला।** हम्माल तूलैया संघ कृषि उपज मंडी द्वारा भव्य ध्वज शोभायात्रा निकाली गई। जो नगर भ्रमण करते हुए श्री सूर्यकुंड धाम पहुंची जहां पर ध्वज स्थापना की गई। ध्वज यात्रा कृषि उपज मंडी पड़ाव से दोपहर 12 बजे निकली जो कि उदय चौकए महात्मा गांधी वार्ड सांई कृपा से झूला पुल होते हुए श्री सूर्यकुण्ड धाम पहुंची। यहां पर दोपहर 3 बजे भव्य ध्वज स्थापना धर्मप्रेमियों की उपस्थिति में हुई। बता दें कि संचालक समिति सूर्यकुण्ड धाम श्री हनुमान मंदिर सकवाह में मां नर्मदा जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। यहां प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री श्री 1008 परम श्रद्धेय प्रणेता ब्रम्हलीन श्री भारती महाराज जी द्वारा प्रशस्त माँ नर्मदा जयंती समारोह एवं माँ नर्मदा जन्मोत्सव पावनी मां रेवा के दक्षिण तट स्थित मंडला से पूर्व पर श्री सूर्यकुण्ड धाम सकवाह के श्री हनुमान मंदिर प्रागंण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संजीव कुमार अग्निहोत्रीए मुरलीधर पंडा सर्वकार एवं संचालन समिति के सभी सदस्य श्री सूर्यकुण्ड धाम हनुमान मंदिर सकवाह एवं हम्माल तूलैया संघ कृषि उपज मंडी अध्यक्ष मूलचंद्र राजू वनबासीए उपाध्यक्ष मुकेश यादवए सचिव प्रहलाद यादवए कोषाध्यक्ष विजय गोठिया एवं समस्त हम्माल संघ उपस्थित रहे।

## एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जमुना ने जीता मेडल



**मण्डला।**

पांचवीं नेशनल ऑल इंडिया मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप केरल के त्रिशूल में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न राज्यों के खिलाडिय़ों ने भाग लिया यहां पर मध्यप्रदेश टीम से मंडला जिले के सात खिलाडिय़ो ने अपनी सहभागिता से दर्ज कराई है। जिसमें जानी मानी समाजसेवी और खिलाड़ी सुश्री जमुना उईके ने ब्रऊज मेडल गोला भाला फेंक प्रतियोगिता में अर्जित किया है। उनकी शानदान जीत पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइकेए सांसद फग्गन सिंह कुलस्तेए निवास विधायक चैन सिंह वरकड़ेए बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टाए पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोलेए पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवालए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्राए जोरावर सिंहए श्रीमति श्रृद्धा उईकेए आदिवासी समाज प्रमुख गुलाब मदरियाए संतुलाल मरावीए खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र ठाकुरए अरविंद पटले ब्लॉक कोऑर्डिनेटरए शशांक मिश्राए पंकज उसराठेए त्रिलोक डोंगरेए गंगाराम मरावीए रामनाथ धुर्वेए उमेश नंदाए पुरुषोत्तम नेतामए शिव कुमार मरावीए नारायण प्रसाद भवेदीए टिर्रु लाल परतेए ग्राम पंचायत कौआडोंगरी सरपंच हरदयाल भवेदीए भैया लाल वरकड़ेए अशोक वरकडेए दीपचंद परतेए रामभजन परतेए नंदू परतेए समाजसेवी हीरा सिंह उइकेए सीताराम उइकेए मदन मरावीए कमलेश परतेए रवि परतेए मनोज परतेए मिश्रीलाल भवेदीए बसंत बैरागीए यशवंत बैरागीए सेवकराम वरकड़ेए विजय मरावीए राजेश वरकड़े सहित क्षेत्र के समस्त शुभचिंतकोंए खेल प्रेमियों ने ऑल इंडिया नेशनल मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप खिलाड़ीयों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किये गये हैं। बता दें कि वहीं बसंत तेकाम गोल्ड मेडलए सुश्री रामा परते सिल्वर मेडलए अरूणा मर्सकोले सिल्वर मेडलए संजूलता एवं दिलीप सोनवानी को भी मेडल मिले हैं।

## ज्ञानदीप स्कूल में नए क्लासरूम तथा मीटिंग हॉल का कलेक्टर ने किया भूमिपूजन





**मण्डला।**

-ज्ञानदीप इग्लिश मीडियम स्कूल में नवीन 8 क्लासरूम तथा एक मीटिंग हॉल का निर्माण किया जाएगा। गुरूवार को कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने नवीन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। ज्ञानदीप स्कूल के बाएं हिस्से में बीएसएनएल ऑफिस से लगे हुए पुराने ऑफिस रूम के स्थान पर नया भवन बनेगा। इसमें भूतल तथा प्रथम तल पर चार-चार क्लासरूम बनाए जाएंगे। इनमें स्मार्ट क्लास की समस्त सुविधाएं उपलब्ध होंगी। द्वितीय तल पर हॉल का निर्माण होगा, जिसमें विभिन्न पाठ्येत्तर गतिविधियाँ संचालित की जा सकेंगी। भूमिपूजन के बाद उपस्थित बच्चों से कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि आपकी परीक्षाएं नजदीक हैं इसलिए आप सभी लोग मन लगाकार परीक्षाओं की तैयारी करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, सीएमओ नगरपालिका श्री गजानंद नाफड़े, ज्ञानदीप स्कूल समिति के सचिव श्री संजय तिवारी, उपाध्यक्ष श्री अजय खोत सहित अन्य उपस्थित थे।

## सायबर जागरूकता रथ

# टीआई कोतवाली ने उत्कृष्ट विद्यालय में लगाई कार्यशाला






**मण्डला।**

अभियान अंतर्गत आज जागरूकता रथ द्वारा बम्हनी बंजर पहुंच बम्हनी बंजर थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे व गावों में जागरूकता गीत के माध्यम से आमजन से व्हाट्सएप व अन्य एप्प के माध्यम से आने वाले एपीके फाईल व अंजान लिंक को क्लिक न करने की अपील की गईए ट्रेडिंग के नाम पर व्हाट्सएप मुनाफा दिखाकर की जाने वाली धोखाधड़ी एवं धोखाधड़ी के प्रकरणों की जानकारी व अन्य सोशलमीडिया फ्रांड के संबंध में जानकारी साझा की गयी। जागरूकता अभियान ष्सेफ क्लिकष के तहत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान द्वारा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं एवं शिक्षकगणों को सायबर अपराधों के प्रति जागरूक एवं मध्यप्रदेश पुलिस के सेफ क्लिक अभियान के संबंध में विस्तृत पूर्वक जानकारी दी गई।

## स्टेडियम ग्राउंड में खिलाड़ियों को एकत्र कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश



**मण्डला।**

खेल सप्ताह के अंतर्गत स्टेडियम ग्राउंड मण्डला में बेटी बचाओ बटी पढ़ाओ के अंतर्गत गतिविधियों का आयोजन किया गया 22 जनवरी 2025 को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के संचालन के 10 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। स्टेडियम ग्राउंड में खेल रहे खिलाड़ियों को एकत्र कर वन स्टॉप सेंटर मण्डला प्रशासक मधुलिका उपाध्याय द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का लक्ष्य बताया गया साथ ही पी.सी.पी.एन..डी.टी. एक्ट के बारे में जानकारी दी गई ताकि लिंगानुपात एवं कार्यक्षेत्र में महिलाओं के वर्चस्व को नजर अंदाज न किया जा सके ये कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में एवं सहायक संचालक लीना चौधरी के सहयोग से लगातार चलाया जा रहा है। आज इस कार्यक्रम में क्रिकेट टीम के अलावा दर्शकगण, वन स्टॉप सेंटर से केस वर्कर आशा नंदा, साक्षी पटवा बहुउद्देशीय कार्यकर्ता आरती वरकड़े एवं हरि कछवाहा उपस्थित रहे।

## केंद्रीय विद्यालय में छात्रों का हुआ मेडिकल चेकअप



**मण्डला।** जिला चिकित्सालय के डॉण् प्रवीण उइके के मार्गदर्शन में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मण्डला में कक्षा 1 से 12 तक का मेडिकल चेकअप किया गया। पीएम श्री की योजना के अनुसार साल में दो बार छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना है। पहला राउंड अगस्त और दूसरा फरवरी में करना है। तद नुसारए दूसरा चेक.अप 06 फरवरी 2025 को स्कूल परिसर में आयोजित किया गया था। इस बार भी डॉ प्रवीण उइके अपनी टीम के साथ बच्चों के फुल बॉडी मेडिकल चेकअप के लिए स्कूल आयेण उन्होंने बच्चों को कुछ दवाएँ भी वितरित कीं।

# ग्राम ढ़ाना में एक पखबाड़ा पूर्व घर से पार किये गये सोनी चांदी के जेबरों को खोजने में पाई सफलता, आरोपियों के पास से चोरी किये गये जप्त करते हुये किया गिरप्तार, खुलासे में पुलिस ने उजागर करते हुये बताया माँ के जेबर पुत्र ने पड़ोसी के साथ मिलकर किये थे चोरी





**हरिभूमि न्यूज/ चीचली।**

लगातार बढ़ रही महंगाई व बेरोजगारी के साथ साथ जिस तरह युवा नशे की गिरप्त में आते हुये देखे जा रहे है कि उसका परिणाम इस तरह सामने आ रहे है कि वह अपने घर की सपत्ति में सेंध लगाने में पीछे नही रह रहे है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस चीचली पुलिस द्वारा घर के अंदर से चोरी हुई सोने चांदी के जेबरों के आरोपियों को पकड़ने की सफलता का खुलासा किया गया तो उसमें घर का बेटा ही घटना को अंजाम देने वाला सामने आया..। इस तरह चीचली थाना क्षेत्र के अंतर्गत लगभग एक पखबाड़ा पहले ग्राम ढाना में घटित हुई चोरी की घटना में चीचली पुलिस द्वारा लगातार मेहनत करते हुये चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों सहित चोरी किये गये जेबरों को भी जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। घटना का खुलासा करते हुये पुलिस ने बताया गया है कि बीते हुये कुछ दिन पहले ग्राम ढाना निवासी एक लगभग 40 वार्षिय महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया गया था कि 26 जनवरी की दरम्यानी रात किसी अज्ञात चोर द्वारा उसके घर के अंदर रखे हुये चांदी के 8 लच्छे, चांदी का एक कड्डोरा, एक सोने की मोहन माला, एक सोने की पांचाली चोरी कर ली गई है। घटना को लेकर चीचली पुलिस द्वारा गंभीरता से लेते हुये अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लेने के साथ साथ वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही घटना को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक मृखागी डेका द्वारा आरोपियों को शीघ्र ही गिरप्तार करने के आदेश दिये जाने पर पुलिस द्वारा अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस तरह आरोपियों को खोजने के लिये बनाई गई टीम में मुख्य रूप से एस आई संग्राम सिंह, ए एस आई इंद्रपाल सिंह चौहान, आरक्षक मोहित यादव, अपराधियों को पैनी नजर में पहचानने के लिये माहिर माने जाने वाले आरक्षक आदर्श पाठक, आनंद कोरी को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुये ग्राम ढाना के आसपास संदिग्धों पर पैनी नजर रखना शुरू किये जाने के चलते प्रार्थिया के पुत्र कुलदीप अहिरवार की गतिविधियाँ कुछ संदिग्ध नजर आने पर पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर उसे अपनी अभिरक्षा में लेकर पूछताछ शुरू की गई तो उसने पहले इस तरह की घटना को अंजाम देने से इंकार किया गया। मगर कहा जाता है कि जब कानून का डंडा घूमता है तो मुर्दे भी अपनी कब्र से बोलना शुरू कर देते हुये है..और यही कहावत यहां पर चरितार्थ होते हुये देखी गई? पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर प्रार्थिया के जिस पुत्र को अभिरक्षा के लेकर पूछताछ की जा रही थी उसने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार करते हुये बताया कि उसने पडौस में ही रहने वाले दीन दयाल अहिरवार के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद विक्रय करने के इरादे से चोरी के जेबरों को नदी किनारे झाड़ियों में छिपा कर रखा गया है। इस तरह पुलिस ने आरोपी को साथ ले जाकर मौके से चोरी किये गये जेबरों को जप्त करते हुये दोनों आरोपियों को गिरप्ता करने के साथ मा.न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लिया गया है। इस तरह चीचली पुलिस द्वारा अपने की घर में सेंध लगाने वाले आरोपी सहित उसके साथी को गिरप्तार करते हुये चोरी किये गये सोने चांदी के जेबर कीमत लगभग 1 लाख 27 हजार 104 के जप्त करने में सफलता हासिल की गई है।

# तेज गति से भाग रहे आईसर ट्रक ने मारी आटों को टक्कर, दो वृद्व महिलाओं की हुई मौत अन्य घायल, ग्रामीणों की मदद से घायलों को











**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह बेलगाम गति से वाहनों को द्दौड़ते हुये देखा जा रहा है उसका परिणाम है कि छोटे वाहन सबार आये दिन बेमौत मरने के लिये मजबूर होते हुये देखे जा रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये गुरूवार को उस समय देखने मिली जब गाडरवारा पिपरिया राज्य स्तरीय मुख्य मार्ग के ग्राम नांदनेर व बेलखेड़ी के बीच एक तेज गति से भाग रहे आईसर कंपनी के ट्रक क्रमांक **MH** -40-**CT**0482 द्वारा एक कामती से सालीचौका सवारी लेकर जा रहे आटों क्रमांक **MP** 38- **R**-0232 को टक्कर मार देने के कारण जहां आटों सड़क मार्ग पर ही बिखर गया। वही आटों में सबार दो वृद्ध महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। वही दूसरी ओर आटों में सबार अन्य लोगों को गंभीर रूप से चोटे आने की खबर है। इस तरह मौके पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा बताया कि ट्रक बहुत तेज गति से आ रहा था और आटों को टक्कर मारकर भागने का प्रयास कर रहा था। मगर ग्रामीणों द्वारा किसी तरह से ट्रक का पीछा करते हुये उसे रूकवाया गया। वही क्षतिग्रस्त हुई आटों में तड़प रहे लोगों को मुश्किल से बाहर निकाला गया जिसमें दो वृद्ध महिलाओं की मौत हो चुकी थी वही अन्य घायलों को शासन की 108 सेवा बुलाते हुये उपचार के लिये चिकित्सालय भेजा गया। वही घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंचकर घटना को अंजाम देने वाले वाहन को अपने कब्जे में लेते हुये महिलाओं की मौत पूर मर्ग कायम करते हुये मामले को जांच में लिया गया है। घटना में जो घायल हुये है उनमें अफसर अली/ लियाकत अली सालीचौका तथा मृत होने वालों में पूनाबाई पति श्रीलाल ठाकुर निवासी खुरसीपार व रामवती पांडे निवासी बैरागढ बताई जा रही है। वही घटना के संबंध में आटो चालक प्रेम नारायण लोधी द्वारा बताया गया कि वह ग्राम कामती से चार सबारी लेकर सालीचौका जा रहा था तथा तेज गति से भागते हुये आ रहे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी गई।

## शहर के वीरान इलाकों से लेकर ढ़ाबों में देर रात तक खुलेआम जाम छलकते हुये पड़ रहे दिखाई

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां पूर्व के समय में लोग शराब पीने के लिए ऐसी जगह खोजते थें जहां पर किसी की नजर न पड़े मगर इस समय तो स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि लोगों द्वारा जहां तहां बैठकर शराब का सेवन करते हुए नशे की हालत में सड़कों पर घूमते हुए आसानी से देख जा राकता है? इतना ही नही यदि गौर किया जावे तो वर्तमान में अनुमानतः शहर के 60 प्रतिशत युवाओं और किशोरो में शराब पीने का शौक ऐसा लगा है कि वे रात को बिना जाम छलकाये रह ही नही पा रहे है, जिसके चलते वे शहर में एक भी वीयरवार न होने और अधिकांश शहर में बने हुये ढावों में शराब के जाम छलकाने के लिए उपयुक्त जगहों पर जाना पड़ता है पड़ता है और खुलेआम नगर के पास पास बने हुये ढ़ावों में देर रात तक शराब खोरी होते हुये दिखाई दे रही है? बताया जाता है कि इन दिनों शराब के शौकिनों द्वारा नगर के वायपास मार्ग पर स्थित ढाबों में जहां खुलेआम शराब की विक्री होने के साथ साथ यहां पर देर रात तक शराब पीने वालों की महफिले सजी हुई देखी जा रही है? इतना नही नही हालत यह बन चुकी है कि शहर से चंद कदम दूरी पर संचालित होने वाले इन ढाबो में अवैध रूप से बिकने वाली शराब व देर रात के होने वाली शराब खोरी के चलते जहां क्षेत्र के गांवों के लोगों का शहर आना मुश्किल होते हुये जान पड़ रहा है तो दूसरी ओर रात के समय ट्रेनों से उतरकर अपने गांव जाने वाले लोग भी अपने आपको असुरक्षित महसूस करने से नही चूक रहे है? क्षेत्रवासियों द्वारा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा शहर के आसपास संचालित होने वाले ढाबो पर चलने वाले शराब के अवैध कारोबार पर सख्ती से अंकुश लगाने की माग की जा रही है।

# तत्वों ने गांव के पास बनी भगवान की मढ़िया में की गई तोड़फोड़, टीआई तिवारी की सूझबूझ के चलते मामला हुआ शांत







**हरिभूमि न्यूज/ चीचली।**

कभी कभी तत्वों द्वारा की जाने वाली हरकतें निश्चित तौर से बड़ा रूप धारयण करने से नही चूकती है। मगर देखा जाता है कि जब क्षेत्र का पेहरेदार जागरूक व समझदार होता है तो अपनी सूझबूझ से इस तरह के मामलों को मौके पर पहुंचकर कानून व्यवस्था बिगड़ने के पहले ही अपनी सूझबूझ से शांत कराने में सफल हो जाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम छैनाकछार के पास देखने मिली। बताया जाता है कि गांव के पास बनी भगवान हनुमान जी की मढ़िया में रात के समय कुछ तत्वों द्वारा तोड़फोड कर क्षतित पहुंचाते हुये उसे अन्य दूसरे जगह डाल दिया गया था। मगर जब सुबह गांव वालों ने देखा तो लोगों में आक्रोश पैदा होने से नही चूक पाया। वही जब घटना की जानकारी डोगरगांव थाना प्रभारी उमेश तिवारी को लगी तो उन्होंने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये तुरंत मौके पर पहुंचकर संपूर्ण क्रम से अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही मौके पर पहुंचकर लोगों के बीच बनाव पूर्ण स्थिति निर्मित होने के पहले ही अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुये टीआई उमेश तिवारी द्वारा मामले को शांत करा दिया गया। स्थिति को संयम करने के बाद मढ़िया को पूर्व की भांति विधि विधान के साथ यथा स्थान स्थापित कराते हुये तत्वों के खिलाफ मामला कायम करते हुये उनकी खोजबीन शुरू की गई। इस संबंध में जब डोगरगांव थाना प्रभारी से चर्चा की गई तो उन्होंने अपनी जानकारी में बताया कि हमको सूचना मिली की किसी लोगों द्वारा ग्राम छैनाकछार के पास बने हुये एक छोटे मंदिर में तोड़फोड की गई जिसके चलते उनकी खोजबीन करते हुये ग्राम छैनाछकार ही निवासी सौरभ पिता दलकन चौधरी, रोहित पिता प्रेम लाल चौधरी व सोनू पिता मुन्ना चौधरी निवासी गांगई ( बारया वाले) के खिलाफ मामला कायम किया गया है। वही एक आरोपी को गिरप्तार करते हुये मा न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है शेष दो की गिरप्तारी के लिये खोजबीन की जा रही है।

# नगर पालिका द्वारा शहर में चलाया जा रहा है विशेष सफाई अभियान, नगर स्वच्छ रहेगा तो हम स्वस्थ्य रहेगे-मिश्रा



**गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब हमारे आसपास का महौल साफ सुधरा रहता है तो महौल खुशनुमा बनने से नही चूकता है। इसी बात को लेकर जिला कलेक्टर के निर्देश के परिपालन अनुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत स्थानीय नगर पालिका द्वारा विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसकी शुरूआत नगर के गांधी वार्ड स्टेशन से की गई है जो निरंतर 24 वार्डों में संपन्न होगा। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, स्वास्थ्य शाखा सभापति शिवम राजपूत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख के कुशल मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया जा रहा है। वही मिश्रा का कहना है कि यदि नगर स्वच्छ रहेगा तो हम स्वस्थ रहेगे। इस तरह चलाये जा रहे अभियान में हमारी टीम तो लगी है मगर सभी का सहयोग भी जरूरी है। इस कार्य में स्वच्छता नोडल अधिकारी संजय श्रीवास के मार्गदर्शन में स्वच्छता पर्यवेक्षक महेंद्र भार्गव, स्वच्छता पर्यवेक्षक अजय बाल्मिक, अमित वाल्मीकि, मनोज बाल्मीकि, जगदीश वाल्मीकि, अभिषेक शुक्ला, टीकम खड़ेतिया, दीपक खडेतिया, देवी राम गौहर, आकाश पिपरहा, अखिलेश वाल्मीकि, लक्ष्मी प्रसाद वाल्मीकि, करण घारू के आलवा अन्य सुपरवाइजर को कार्य में लगाया गया जो अपने-अपने वार्डों के समझ सफाई संरक्षको से इस मुहिम को अंजाम दे रहे है।

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र में लगातार हो रही अवैध रूप से पशुओं की तस्करी, प्रशासन मौन

**गाडरवारा।** इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा रहा है कि आस पास के कस्वा क्षेत्रों में लगने वाले साप्ताहिक मवेशी बाजारों के माध्यम से खुलेआम पशुओं की तस्करी होने की चर्चा आम होती जा रही है, जिसमें बताया जा रहा है कि क्षेत्र में लगने वाले इस मवेशी बाजार में सैकड़ो की संख्या में पशु बिक्री के लिये आते जो कुछ ऐंसे भी पशु होते हैं जिसमें प्रमुख रूप से बैल जो कृषि योग्य नहीं होते व गायें जो दूध देना बंद कर देती हैं उन्हें कुछ दलालनुमा व्यक्ति ऐंसे पशुओं को दलाल कसाईयों को दोगुनी कीमत के माध्यम से पशु मालिकों से खरीदवा देते हैं और पशु मालिक भी थोड़े से पैसों के लालच में जिन्दगी भर घी दूध देने वाली गायों व गर्मी धूप व बरसात के मौसम में मेहनत कर कमाई खिलाने वाले बैलों को इन कसाईयों के हवाले कर देते हैं। जनचर्चाओं में तो यह तक बताया जाता है कि बाजार के दिन बाहर से आने वाले इन कसाईयों के कुछ दलाल गाँव गाँव घूमकर इस प्रकार के बूढ़े पशुओं की खोज करते हुये पशु मालिकों को उन्हें बेचने के लिये उकसाते हुये देखा जा सकता हैं

### फिर दिखाई देने लगा मादक पदार्थो का अवैध कारोबार

**कौड़िया।** इस समय क्षेत्र में पूर्णरूप से आराजकता का माहौल निर्मित होता जा रहा है, इसे पुलिस की उदासीनता कहा जावे या फिर मिलीभगत? अब सच्चाई जो भी मगर इस समय कौड़िया सहित कई गांवों में खुलेआम जहां अफीम व गांजे की अवैध बिक्री हो रही है, वही क्षेत्र में स्मैक जैसा जहर ने भी अपने पैर पसारना शुरू कर दिया है, जिसके कारण इसकी गिरप्त में कई युवक आते जा रहे है? जनचर्चाओं से पता चल रहा है कि इन अवैध धंधों के चलते ही क्षेत्र में देह व्यापार का धंधा भी खुलेआम पनपने हुये दिखाई देते हुये जान पड़ रहा है, जिसका खुला नजारा बाहर से आने वाली छैल छबीली युवतियाँ लोगों के खेतों पर बने कुओं के मकानों व अन्य स्थानों पर अपनी फीस के बदले सेवाएं देने की जनचर्चाएं आम बन चुकी है? आम जन की माने तो यह युवतियाँ शहरों से आकर क्षेत्र का महौल बिगड़ने में पीछे नही, क्योंकि इनकी सुन्दरता के चलते युवक इनकी एक मुस्कान के दीवाने होकर बर्बादी की कगार पर जा रहे है। इस संबंध में पुलिस की भूमिका को लेकर लोगों का कहना है कि या तो पुलिस उदासीन हो रही है या फिर पुलिस की मिलीभगत का ही परिणाम है जिसके कारण कौड़िया क्षेत्र में यह सब खुलेआम चल रहा है। जिस प्रकार से कौड़िया सहित आस पास के क्षेत्र में खुलेआम मादक पदाथों की बिक्री, देह व्यापार व क्षेत्र में जुआ सहित सट्टे का अवैध कारोबार धडल्ले के साथ चल रहा है और पुलिस को पता न हो ऐसा होना मुश्किल है? इससे यह बात पूर्णरूप से स्पष्ट नजर आ रही है कि इस प्रकार के कृत्य बगैर पुलिस की मिली भगत से संभव नही हो सकते है? जिस प्रकार से यह कृत्य हो रहे है, इन्ही का परिणाम है कि क्षेत्र में चोरी जैसे व अन्य अपराधिक घटनाएं भी घटित हो रही है, यदि समय रहते पुलिस अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित तौर एक कौड़िया क्षेत्र स्मैक पावडर व अन्य मदाक पदार्थों के साथ साथ देह व्यापार का एक प्रमुख गढ़ बन जावेगा?

### आटो चालकों द्वारा किया जा रहा यात्रियों की जिन्दगी के साथ खिलबाड़

**गाडरवारा।** इस समय नगर सहित क्षेत्रों सड़कों पर दौड़ रहे आटों चालकों की इस प्रकार की मनमानी देखने मिल रही है कि वह जहां यातायात व्यवस्था को बदहाल बना रहे है, वही दूसरी ओर आये दिन देखा जाता है कि जहां तहां आटों खड़े कर दिये जाने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वही दूसरी ओर ओवर लोडिंग आटों चलाना आम बात हो रही है? इतना ही नही पुलिस प्रशासन की उदासीनता के चलते अब तो इन आटों चालकों के हौसले इतने बुलंद दिखाई पड़ने लगे है कि वह आटों में सबारी करने वाले यात्रियों की जिन्दगी के साथ खुलेआम खिलवाड़ करते हुए देखे जा रहे है। इस बात की सच्चाई उस समय देखने मिली जब एक आटों में सबारियों के साथ साथ गैस सिलेण्डर भरकर सड़क पर दौड़ाया जा रहा था, इस प्रकार से जहां किसी आटों में गैस सिलेण्डर परिवहन करना नियम विरूद्ध माना जाता है, जिसमें प्रमुख रूप से सबारियों के साथ खुलेआम आम लोगों की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ ही जान पड़ रहा है? मगर इसके बाद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही देना इस बात को संकेत देते हुए जान पड रहा है कि शायद पुलिस प्रशासन ही किसी बडी घटना का इंतजार करते हुए देखा जा रहा है?




**खबर संक्षेप**

## शासकीय महाविद्यालय में किया गया सायबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** शासकीय महाविद्यालय करंजिया में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस मौके पर थाना प्रभारी करंजिया नरेंद्र पॉल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को साइबर अपराध के विषय में जागरूक करना, हैं इसमें डाटा उल्लंघन, धोखाधड़ी,वित्तीय अपराध के नुकसान से कैसे बचा जाये साथ ही साइबर अपराधियों के द्वारा की जाने वाली अपराध फिशिंग, हैकिंग,क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी,वित्तीय अपराध,अवैध सामग्री बेचनासाइबर स्टॉकिंग आदि के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि इस तरह की स्थिति बनने पर हम किस तरह डिजिटल खतरों से बच सकते है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय स्टाफ से अजय कुमार सिंह, विक्रम सिंह तेकाम,दुर्गा भवेदी, अनीश मंसूरी डॉ प्रेम शंकर साहू,डॉ प्रीती पांडेय और करंजिया थाना से महिपाल सिंह, पूजा आदि उपस्थित थें।

## कटनी निवासी दिव्यांग पिता को अमरकंटक से मिली खोई बच्ची

**अनूपपुर।** कटनी निवासी बनोरिया सतनामी द्वारा बुधवार 5 फरवरी को कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की गई कि उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शकुन्तला बनोरिया उनकी 11 वर्षीय पुत्री जो ग्राम बडागांव तहसील बडवारा जिला कटनी में छात्रावास में रहकर कक्षा 4 में अध्ययनरत है जिसको जबरन अपने साथ ले जाकर भिक्षावृत्ति कराती है। तत्संबंध में बनोरिया सतनामी द्वारा पुलिस अधीक्षक जिला कटनी को भी लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी। कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली के संज्ञान में प्रकरण आने पर उनके द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द बच्ची को रेस्क्यू करके बाल संरक्षण अधिनियम अंतर्गत बाल हित में सर्वोत्तम कार्यवाही करें। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के द्वारा आंगनबाडी कार्यकर्ता वार्ड 12 कात्यायनी द्विवेदी एवं आंगनबाडी कार्यकर्ता वार्ड 09 मीना सोनवानी के साथ अमरकण्टक में बच्ची की खोज की गई।

### नगर में स्वागत की भव्य तैयारी, जगह-जगह बनाए जा रहे तोरण द्वार

# 7 फरवरी को होगा योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज का आगमन

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** जिला मुख्यालय में जबलपुर बायपास रोड मैदान में होने वाले शक्ति चेतना जन जागरण शिविर का आयोजन 08 एंव 09 फरवरी को भगवती मानव कल्याण संगठन एंव पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संस्थापक-संचालक धर्मसम्राट युग चेतना पुरूष सदगुरूदेव परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के द्वारा अधर्म के नाश व सत्यधर्म की स्थापना तथा माता भगवती श्री दुर्गा जी की दिव्य चेतना को जन-जन में जाग्रत करने व नशे-मांसाहार से मुक्त चरित्रवान, चेतनावान, परोपकारी एंव पुरूषार्थी समाज के निर्माण के लक्ष्य को लेकर 130 वां शक्ति चेतना जन जागरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है उक्त कार्यक्रम में युग चेतना पुरूष परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज का दिनांक 07 फरवरी को डिण्डौरी आगमन हो रहा है। शक्ति पुत्र महाराज के आगमन में क्षेत्र के गुरूवरश्री के शिष्य और मां के भक्तों में जमकर उत्साह है जिसके चलते क्षेत्र में आगमन पर जगह जगह तोरणद्वार बनाए जा रहे हैं वहीं अनेक स्थानों पर मां भक्त पुष्प वर्षा और स्वागत की तैयारी कर रहे हैं इसके मद्देनजर क्षेत्र में पूरे देश प्रदेश के मां भक्त और गुरूवरश्री के पहुंचेंगे तथा अनेक स्थानों पर उनके दर्शनों और स्वागत के लिए पहुंचेंगे।

### महाराज जी का आगवान पर जगह जगह होगी स्वागत

श्री शक्तिपुत्र महाराज का आगमन चंदन घाट होते हुए सागर टोला चौराहा होते हुए बोन्दर हर्रा के रास्ते कुंडा, घनाघाट डिंडोरी जिले में प्रवेश करेगी, यात्रा का जगह-जगह भक्तों के द्वारा कलश फूल माला एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत की जाएगी।

### 8 एवं 9 फरवरी को होगा महाराज जी का चिंतन प्रवचन

कार्यकर्ताओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वागत की तैयारी डिंडोरी नगर में भी जगह-जगह पर तोरण द्वार बनाकर किया जायेगा, संगठन के कार्यकर्ता में मेन रोड के प्रत्येक गांव में तोरण द्वार बना रहे हैं और स्वागत की पूरी तैयारी में जुटे हैं।



# सूने घरों को निशाना बनाने वाले चोर गिरोह का पर्दाफाश



### चोरी की माल समेत 04 आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** समनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिनों दिन चोरी के मामले बढ़ते ही जा रहे थे, यहां सक्रिय चोर गिरोह सुने घरों को निशाना बना चोरी की वारदात को अंजाम देते थे, मामलों को सुलझाने में समनापुर पुलिस को सफलता मिली है, प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनाँक 09/11/2024 को प्रार्थी बसन्त कुमार राय निवासी बाजार मोहल्ला बम्हनी रोड समनापुर की रिपोर्ट पर अप. क्र. 459/24 धारा 331(4),305(ए) बीएनएस., दिनाँक 21/11/2024 को प्रार्थिया संजूवती मरावी निवासी गंगूटोला समनापुर की रिपोर्ट पर अप. क्र. 473/24 धारा 331(4), 305(a) बीएनएस., दिनाँक 05/12/2024 को प्रार्थी ज्ञानेश्वर वर्मन निवासी टेकरी मोहल्ला समनापुर की रिपोर्ट पर अप. क्र. 506/2024 धारा 331(4),305(ए) बीएनएस. का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया एवं दिनाँक 21/01/2025 को प्रार्थी रामगोपाल मरावी निवासी ग्राम लदवानी हाल निवासी गंगूटोला समनापुर के द्वारा स्वयं के सूने घर के अन्दर खड़ी मोटर सायकल क्रमाँक MP 20 ZS 4306 का पेट्रोल टंकी से पेट्रोल निकालकर आग लगा देने एवं घर के अन्दर रखे सामानो की चोरी होने की रिपोर्ट पर जाँच उपरान्त अप. क्र. 38/2025 धारा 331(4),305(a),326 (g), 3(5) बीएनएस. का अपराध अज्ञात चोरो के विरूध्द कायम कर विवेचना में लिया गया ।

विवेचना दौरान पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह के निर्देशन में एवं एसडीओपी बजाग के मार्गदर्शन में चोरी के आरोपियो की पता तलाश के दौरान निरीक्षक कामेश कुमार धूमकेती थाना प्रभारी के 1 नेतृत्व में थाना समनापुर से स्पेशल पुलिस टीम गठित कर सम्पूर्ण थाना क्षेत्र मे अलग - अलग पुलिस टीमो के माध्यम से मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्परता से अज्ञात आरोपीगण की तलाश शुरू की गई ।

### 04 आरोपी गिरफ्तार, चोरी की माल बरामद

01. कृष्णकुमार उर्फ भूरा तिवारी पिता अरविन्द तिवारी उम्र 30 वर्ष 02. सुरेन्द्र डोंगरे पिता राजेन्द्र डोंगरे उम्र 32 वर्ष 03. वैभव उर्फ बादल पिता संजय डोंगरे 18 वर्ष 04. साजन उर्फ सुख्खा कुलस्ते पिता राजाराम कुलस्ते उम्र 18 वर्ष सभी निवासी ग्राम समनापुर को थाना समनापुर लाकर उक्त मामलो में हुई चोरी गये सोने चाँदी के जेवरातो के संबंध में हिकमत अमली से पूछताछ किया गया जो अलग – अलग दिन योजनाबध्द तरीके से रैकी कर सूने घरो में चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार करते हुए दिनाँक 06/11/24 के रात्रि 12.00 बजे बसन्त राय के सूने घर पीछे का दरवाजा तोडकर अन्दर घुसकर एक सोने की लाकेट , एक जोडी सोने का झाले, चांदी की डोरा फैंसी, चाँदी के हाफ करधन , चाँदी के छलबल , दिनाँक 16/11/24 की रात्रि 01.00 बजे संजूवती मरावी के सूने घर का ताला तोडकर घर के अन्दर से एक बोरी में रखे चावल , एक बोरी में रखे गेंहूँ , दिनाँक 04/12/24 को रात में 02.30 बजे ज्ञानेश्वर वर्मन के सूने घर का ताला तोडकर पायल और 800/- रूपये और चिल्लर पैसे नगदी, एक रियलमी पैडमनी कम्पनी का टेबलेट, एक की पैड मोबाईल, एक इण्डेन कम्पनी का गैस टंकी , गोदरेज कम्पनी का सीसीटीव्ही कैमरे का स्टेप बाक्स एवं दिनाँक 21/01/25 को रात्रि 02.00 बजे रामगोपाल मरावी के सूने घर का ताला तोंडकर घर के अंदर खडी मोटरसायकल टीव्हीएस रोनिंन कंपनी क्रमांक एमपी 20 जेडएस 4306 को मोटर सायकल की टंकी से पेट्रोल निकालकर आग लगाकर जला देना तथा बैग में रखे रियल मी कम्पनी का टेबलेट , दो इण्डेन कम्पनी का गैस टंकी को चोरी करना तथा चुराई गई सोने , चांदी के जेवरात आपस में बंटवारा कर बेंचने के लिए छुपा कर रखना बताये जिनसे चोरी गये सामाग्रियो की बरामदगी किया गया तथा आरोपियो को गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय में पेश किया गया ।

### इनकी रही विशेष भूमिका

निरीक्षक कामेश कुमार धूमकेती थाना प्रभारी थाना समनापुर , उनि. पारस यादव , सउनि. राजेश यादव, प्रआर. 365 भारत बसन्त , प्रआर. 297 कृष्णपाल सिंह , प्रआर. 171 अमित पाण्डेय, प्रआर. 175 सहमेन मरावी , प्रआर. 19 पवन धुर्वे ,प्रआर. 315 खलेश्वर पन्द्राम, प्रआर. 214 बालकरन परस्ते, आर. 78 सियाराम मरकाम , आर. 362 आशीष घरडे , आर. 331 दिलीप सनोडिया, आर. 236 गोकुल पाटीदार , चा.आर. 382 हेमन्त नखाते की विशेष भूमिका रही है ।

## साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बढ़ईगढ गांव में गुरुवार को साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिन कथा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा निकाल कर साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ श्रीमद् भागवत कथा दुख की शुरुआत हुई, पहले दिन कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं एवं कन्या सर पर कलश धारण कर गांव का भ्रमण किया। 6 फरवरी से 13 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 12 तक दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है। कथावाचक लेख राम शास्त्री कस्तूरी देवरी के द्वारा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ भागवत कथा प्रवचन किया जाएगा। (श्री श्री 108 श्री भगत गिरी बच्चू महाराज) के सानिध्य में बढ़ईगढ गांव में साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है अतः सभी भक्त जनों से निवेदन है की तन मन धन से सहयोग कर धर्म लाभ लेवें कथा आयोजन यजमान में सपरिवार ने धर्म प्रेमियों व श्रद्धालु जनों से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करनें की प्रार्थना की है

## राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** कलेक्टर नेहा मारव्या ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने राजस्व विभाग के विभिन्न बिन्दुओं पर राजस्व अधिकारियों से जानकारी ली। जिसके तहत रिकार्ड सुधार, नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, फार्मर रजिस्ट्री, आधार से खसरा लिकिंग, ईकेवायसी आदि बिन्दुओं पर कलेक्टर मारव्या ने विस्तार से सर्किलवार समीक्षा की। उन्होंने समस्त बिन्दुओं के तहत लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित पर प्राथमिकता के साथ कार्य करते हुए लक्ष्यों को पूरा करें। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आमजन को बिना कारण परेशानी न हो। आधार से खसरा लिकिंग और फार्मर रजिस्ट्री के लंबित प्रकरणों को 15 फरवरी तक पूरा करें। कृषकों के आधार अपडेट करने के लिए शिविर आयोजित कर लक्ष्य पूरा करें, राजस्व वसूली के लक्ष्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करें। कलेक्टर ने आरबीसी प्रकरण, धारणाधिकार , लंबित न्यायलीन प्रकरण, वक्फ संपत्ति की जानकारी, अतिक्रमण की स्थिति, जीर्णशीर्ण भवनों की जानकारी, नमभूमि की जानकारी, शासन संधारित मंदिरों की जानकारी सहित अन्य मुद्दों पर विस्तृत जानकारी ली और तत्संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमानुसार विधिवत रूप से अतिक्रमण के लिए कार्य करें। शासन के निर्देशों का पालन कर उचित कार्यवाही करें। सर्किलवार अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी शासकीय पदाधिकारी अपने अपने कार्यक्षेत्रों में उपस्थित रहें। अपने कार्यक्षेत्र में पटवारी के अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी जिम्मेवार होंगे। राजस्व के मामलों में प्राथमिकता से कार्य करें, जिसके संबंध में प्रत्येक 15 दिन में समीक्षा की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन को प्राथमिकता के साथ पूरा करें, प्रकरणों का निराकरण तथ्य आधारित और समाधानकारक होना सुनिश्चित करें।



## पारम्परिक नृतक एवं ढोल नगाड़े के साथ हुआ भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत



**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम का मंडल प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल बजाग पहुचे जहाँ भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक नेतृक दल के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम के शुरूआत मे भारतमाता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलीय चित्र पर तिलक वंदन, दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।बजाग मण्डल अध्यक्ष सुशील यादव ने भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम का शॉल श्रीफल भेटकर स्वागत किया। स्वागत सभा मे कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष चमरूसिंह नेताम ने सर्वप्रथम मॉ नर्मदा के चरणो मे प्रणाम करते हुए कहा कि जिस प्रकार से पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया है मै उनका आभारी हूॅ। साथ ही मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता की पहचान भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने किया है और यह भाजपा संगठन मे ही संभव है। मै प्रदेश नेतृत्व का आभारी हूॅ हम सब भाजपा संगठन के कार्यकर्ता है भाजपा संगठन मे सभी कार्यकर्ताओं के लिए एक सुनिश्चित स्थान एवं सभी का सम्मान है। हमे गर्व है कि हम सब भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता है। में आपको विश्वास के साथ कहता हूॅ कि हम सब मिलकर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए दिन रात मेंहनत करेगे एवं संगठन को नई उॅचाई पर पहुॅचाने का कार्य करेगें। हम सभी पार्टी के पितृपुरूष पं. दीनदयाल जी के चरैवेती के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ना है, और निरंतर कार्य करते रहना है। भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह तेकाम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे संगठन के विभिन्न पदों का निर्वहन कर चुके हमारे चमरूसिंह जी जो कि नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष पद पर आसीन हुए है हम सभी कार्यकर्ता कंधे से कंधे मिलाकर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य करेगे। भाजपा मे कार्य करने वाले कार्यकर्ताओ की पहचान हमेशा होती है। एवं उनके कार्यो के अनुरूप उन्हे दायित्व मिलता है। जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते ने कहा कि हम सभी को भाजपा की विचारधारा को जन जन तक पहुॅचाने का कार्य करना है जिस प्रकार से भाजपा के केन्द्र व राज्य सरकार ने विगत बर्षो मे जो विकास किया है वह कांग्रेरस ने 70 साल के इतिहास मे कभी नही किया। हमारी सरकार ने अंतिम पंक्ति मे खड़े व्यक्ति का विकास ही हमारा मूल मंत्र है। पूर्व जिलाध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि भाजपा संगठन हर कार्यकर्ता की चिंता करता है, हम अपने कार्य के साथ समय समय कर संगठन को मिलकर मजबूत करने का काम करेंगे।पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपुत ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी भाजपा सरकार केंद्र व राज्य में दोनों चहुमुखी विकास कर रहे हैं जिसका अध्ययन है कि आज गांव-गांव में सड़क नल पानी एवं सुविधाएं मिल रही है हम सभी को संगठन को मजबूत बनाने के लिए दिन रात मतदान केंद्र पर निरंतर प्रवास कर संगठन को मजबूत करेंगे। मंच का संचालन वरिष्ठ नेता कमलेश पटेरिया एवं आभार जिला जिला मंत्री राजेन्द्र दुबे ने व्यक्त किया।



## आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में एक किसान के सुझावः मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** शहपुरा : आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने हेतु ग्राम जिमरा, तहसील शहपुरा, जिला डिंडोरी के एक लघु कृषक गणेश प्रसाद झारिया (चंदेल) ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उन्होंने अपने पत्र में ग्राम पंचायत स्तर पर नर्सरी स्थापना, किसानों की आय वृद्धि, शिक्षा सुधार, रोजगार गारंटी योजना में संशोधन और जल संरक्षण को लेकर ठोस प्रस्ताव रखे हैं।

उन्होंने निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया हैःग्राम पंचायत स्तर पर निजी पौध नर्सरीः प्रत्येक ग्राम पंचायत में कृषकों द्वारा संचालित नर्सरी स्थापित की जाए, जिससे स्थानीय स्तर पर पौध उपलब्ध हो और रोजगार के अवसर बढ़ें। इससे पौधों की जीवित रहने की संभावना भी बढ़ेगी।

कृषकों की आय में वृद्धिः किसानों को वृक्षारोपण और उनकी कटाई की अनुमति सरल करने की आवश्यकता है। शीशम, सागौन और चंदन जैसे वृक्षों को बेचने की प्रक्रिया सुगम होनी चाहिए, जिससे किसान इस कार्य को व्यवसाय के रूप में अपना सकें। इससे अवैध कटाई पर भी रोक लगेगी।



शिक्षा में सुधारः सभी सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के बच्चों का शासकीय विद्यालयों में अनिवार्य रूप से दाखिला सुनिश्चित किया जाए। इससे सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार होगा और समान शिक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा।रोजगार गारंटी योजना में संशोधनः श्रमिकों को दैनिक भुगतान की बजाय कार्य आधारित पारिश्रमिक दिया जाए, जिससे श्रम के प्रति उनकी रुचि बढ़े और प्रदेश का विकास तेज हो।जल संरक्षण एवं सिंचाई प्रबंधनः बड़ी नदियों के समीप स्टॉप डैमों का निर्माण किया जाए, जिससे उनमें बहने वाले गंदे नालों की सिल्ट जमा होकर नदियों को प्रदूषित होने से रोका जा सके। साथ ही, पंप हाउस बनाकर इस जल को सिंचाई के लिए उपयोग में लाया जाए।गणेश प्रसाद ने इन सुझावों के माध्यम से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है। यदि इन पर अमल किया जाता है, तो प्रदेश के किसानों, मजदूरों और विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा और मध्यप्रदेश की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में बड़ा सुधार देखा जा सकेगा।

## यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में जारी किए गए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** कलेक्टर नेहा मारव्या ने जिले में सडक दुर्घटनाओं को कम करने एवं सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से समस्त यात्री एवं मालयान वाहनों के लिए आवश्यक दस्तावेज, आवश्यक सुरक्षा उपकरणों का पालन सुनिश्चित के लिए निर्देश जारी किए।



जारी आदेशानुसार वाहन का वैध पंजीयन, वैद्य बीमा, वैद्य फिटनेस प्रमाण पत्र, समस्त व्यावसायिक वाहनों का वैध परमिट, वैध पीयूसी पत्र, यात्री वाहनों में सुचारू रूप से संचालित आपातकालीन द्वार, यात्री बसों में वीएलटीडी एवं पैनिक बटन लगे होना चाहिए। वाहनों में मानक अनुसार गति नियंत्रण यंत्र (एसएलडी) लगा होना चाहिए। आदेश में यात्री वाहनों के लिए अग्निशमन यंत्र की सुविधा, वाहन चालकों का वैध लाइसेंस, यात्री वाहनों में चालक ध्‍ परिचालकों की निर्धारित वर्दी, यात्री वाहनों में प्राथमिक उपचार किट सुनिश्चित कराने के निर्देश जारी किए गए साथ ही यात्री एवं मालयान वाहनों निर्धारित क्षमता से अधिक यात्री एवं माल का परिवहन न करने, समस्त प्रकार के वाहनों का निर्धारित गति सीमा में ही संचालन, समस्त व्यावसायिक वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप, यात्री बसों में महिलाओं एवं दिव्यांग यात्रियों के लिए आरक्षित सीट, यात्री बसों में किराया सूची चार्ट, दो पहिया वाहन चालक हेलमेट, चार पहिया चालक सीटबेल्ट लगाकर ही वाहन का संचालन करना समेत समस्त प्रकार के वाहन चालकों के लिए यातायात सकेंतों ध्‍ नियमों का पालन करना सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी किए गए।

निर्देशों का पालन कराने के लिए पुलिस विभाग, यातायात विभाग एवं परिवहन विभाग लगातार जांच करते रहेंगे। यदि वाहन स्वामी एव चालक उपरोक्त मापदण्डों का पालन नही करते हैं तो परिवहन विभाग के तहत दण्डनीय अपराधो में वर्णित की गई आवश्यक कार्यवाही रकम प्रशमन करने के लिए जमा की जाएगी।

## कन्या शिक्षा परिषद कोतमा में छात्राओं को पीटने वाली अधीक्षिका पर प्रशासन की बड़ी मेहरबानी सामने आई

**कोतमा।** छात्रावास में बच्चियों को अधीक्षिका के द्वारा लोहे की पाइप से मारपीट की घटना के तीन दिन बीतने के बाद भी जनजातिय कार्य विभाग व कलेक्टर अनूपपुर ने कोई कार्यवाही नहीं की है। अधीक्षक पर कार्यवाही के मामले में जिला प्रशासन के रवैया पर छात्रों के अभिभावक काफी रोष में है, वही यह भी जानकारी बच्चियों ने बताई कि अधीक्षिका के द्वारा ब्यौहारी की किसी महिला को अस्थाई तौर में भृत्य के पद पर भी रखा था जिससे भी उन्हें भय था। हालांकि प्राचार्य के द्वारा उस महिला भृत्य को हटा दिया गया है वही छात्रावास में रह रही बच्चियों में अभी भी भय व्याप्त है कि कहीं विभाग के द्वारा दोबारा से इस अधीक्षिका को छात्रावास में ना भेज दिया जाए वहीं छात्रोंओ के परिजन भी गुस्से में है और यह कह रहे हैं कि अगर प्रभा मरावी अधीक्षिका पर विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई तो वह अपने बच्चियों को छात्रावास से वापस घर ले जाएंगे। परिजनों का कहना है कि हम अपने जिगर के टुकड़ों को यदि छात्रावास में शिक्षकों के भरोसे भेजे हैं लेकिन जब शिक्षक हैवान बन जाए तब हम किस पर विश्वास करें। यह भी जानकारी मिली है कि कन्या छात्रावास में पुरुष चौकीदार को उनके द्वारा रखा गया है जबकि वह कन्या शिक्षा परिसर है और वहां पर महिला कर्मचारी की ही नियुक्ति होनी चाहिए लेकिन अधीक्षिका के द्वारा पुरुष चौकीदार को क्यों रखा गया यह भी एक प्रश्न बनकर सामने आ रहा है।

**खबर संक्षेप**

### अचानक बिगड़ा मौसम का मिजाज

**तेंदूखेड़ा।** बुधवार को सुबह सुबह अचानक मौसम का मिजाज बदल गया जिससे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें देखने को मिलीं। गौरतलब रहे कि अचानक से हुई ठंड गायब दिन में तेज धूप के चलते हल्की गर्मी महसूस होने लगी थी। रात्रि में भी गर्मी का अहसास होना शुरू हो गया है जिससे फूल वाली फसलों को पर्याप्त माहौल ना मिलने की स्थिति में दाने में उचित भराव की स्थिति ना बनने कृषकों के द्वारा ऐसा बताया जा रहा था। लेकिन बुधवार के सुबह सुबह अचानक मौसम का मिजाज बदल जाने से किसानों में एक बार फिर चिंता की लकीरें देखने को मिल रही है।

### नासिक आर्मी ने केरल को हराकर प्रतियोगिता जीती



**नरसिंहपुर।** अखिल भारतीय देवरी, हॉकी टूर्नामेंट में नरसिंहपुर हॉकी अकादमी टीम का नासिक आर्मी टीम से क्वाटर फाइनल मैच था जिसमें नरसिंहपुर हॉकी अकादमी ने पूरे समय मैच मै बाल ज्यादा समय तक अपने पास राखी 5-6 गोलों की ओपन मिस किये,देवरी के दर्शको का पूरा सपोर्ट भी नरसिंहपुर को मिला बराबर की फाइट होने से दर्शकों का कहना था कि यह मैच फाइनल मैच हो चुका है इस टूर्नामेंट में अच्छे खेल का प्रदर्शन के बावजूद भी गोल करने के कई मौके छोड़ने के कारण टीम विजयश्री हासिल नहीं कर पाई नरसिंहपुर हॉकी अकैडमी -नासिक टीम से 2-1 से हारी अगर गलतियां नहीं की होती नरसिंहपुर हॉकी अकादमी टीम इस प्रतियोगिता की विजेता होती। नासिक आर्मी में केरल टीम को फाइनल मैच में 4-2 से हराकर इस प्रतियोगिता की विजेता टीम रही।

# कलेक्टर ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिला कलेक्टर द्वारा बीते दिवस वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने वृद्धाश्रम में सभी वृद्धजनों से जाकर मिले, और कहा उन्हें यहां कोई परेशानी तो नही है। इस दौरान वृद्धजनों ने बताया कि हमें यहां पर खाना-पानी समय पर मिलता हैं।

### वृद्धजनों से पूछे हाल कहा कोई परेशानी तो नहीं वृद्धजनों से की चर्चा, बाँटे सहायक उपकरण

इस दौरान कलेक्टर ने वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से चर्चा की और उनकी बातें ध्यान से सुनी, वृद्धि होने अपनी समस्याओं से भी जिला कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने वृद्ध आश्रम की साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।जगदगुरु शंकराचार्य वृद्धाश्रम झोतेश्वर में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुरुवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां निवासरत वृद्धजनों से चर्चा कर उनकी दैनिक दिनचर्या, नाश्ता, भोजन, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, वृद्धावस्था पेंशन मिलने सहित अन्य व्यवस्थाओं व सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने वृद्धाश्रम परिसर में नीचे बैठकर वृद्धजनों द्वारा किये जा रहे भजन-कीर्तन को सुना। कलेक्टर ने इसकी सराहना की। उन्होंने बुजुर्गों से आत्मीय संवाद कर उनके अनुभव जाने। बुजुर्गों ने बताया कि उन्हें यहां पारिवारिक माहौल की तरह महसूस होता है। यहां सुबह शाम ध्यान व टहलने का काम प्रतिदिन करते हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले से उन्होंने यहां सुलभ शौचालय और पेंशन जारी करवाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान सामाजिक न्याय विभाग की उप संचालक अंजना त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान में वृद्धाश्रम में 40 वृद्धजन रह रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने एलिम्को की ओर से बुजुर्गों को ज्वायस्टिक, व्हील चेयर, दृष्टिबाधितों के लिए स्मार्ट केन, कान की मशीन सहित अन्य उपकरण दिए। अपने बीच कलेक्टर को मौजूद पाकर वृद्धजन भी प्रसन्न दिखाई दिये।





## कलेक्टर ने आईटीआई के प्राचार्यों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में जिले के समस्त शासकीय आईटीआई के प्राचार्यों की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने संस्था में संचालित पीपीपी मोड एवं संस्था विकास निधि की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही उन्होंने आईटीआई में नवीन कोर्स प्रारंभ करने के लिए ट्रेडो- एग्रो प्रोसेसिंग, फिजियोथैरेपी, चॉइल्ड ऐजुकेटर का चयन करने के लिए चर्चा की। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया कि प्लेसमेंट के अंतर्गत चयनित छात्र छात्राओं की काउंसिलिग कर फीडबेक लिया जाये और स्वरोजगार विषय पर विशेष रूप से फोकस करें। जिले की समस्त आईटीआई में इंटर स्पोर्ट प्रतियोगिता, प्रत्येक माह पेरेंट मीटिंग, दीक्षांत समारोह और इंटर आईटीआई स्किल प्रतियोगिता आयोजित की जाये। उन्होंने प्लेसमेंट हुए छात्र छात्राओं की अलग-अलग सक्सेस स्टोरी बनाई जाये। संस्था की बुकलेट मैंगजीन तैयार की जाये, जिससे संस्था एवं छात्र-छात्राओं की उपलब्धियॉ समायोजित की जायें। आईटीआई में स्किल सर्टिफाईड प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक पोर्टल बनाया जाये, जिससे आम नागरिकों को किसी काम के लिए एक ही स्थान पर कुशल कामगार प्राप्त हो सके। प्रशिक्षणार्थियों को बिजनिस डेवलप करने के लिए उनकी काउंसिलिग की जाये। स्किल शोकेस बनाया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि आगामी बैठक में फ्यूचर सिटिक प्लान प्रत्येक शासकीय आईटीआई के द्वारा तैयार किया जाये।

## दिव्यांग बच्चों के बीच मनाया त्यौहार

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। वीरांगना क्लब की पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बसंत पंचमी एवं नर्मदा जयंती को लेकर दिव्यांग बच्चों के बीच छात्रावास में जाकर यह त्यौहार मनाया। मां सरस्वती की पूजन कर सरस्वती वंदना की क्लब की पूर्व अध्यक्ष पूनम जैन ने अपने जीवन साथी सुलभ जैन एडवोकेट के जन्म दिवस पर दिव्यांग बच्चों को स्वलपाहार व फल का वितरण किया और बच्चों को टी शर्ट भेंट की। उपस्थित सदस्य पूर्व ए.आ.अर्चना राय,मल्टीपल डा. रुपकला कटारे, पूर्व अध्यक्ष पूनम जैन , वर्तमान अध्यक्ष सविता महोविया ,सचिव पूनम धुर्वे, कोषाध्यक्ष रजनी राजोरिया , ज्योत्सना राय , रेनू नोरिया आदि मौजूद रहीं।



## परमात्मा ही विश्व का मालिक है- विधात्रि दीदी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्थानीय सेवा केंद्र प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में ओम शांति रिट्रीट सेंटर गुड़गांव से पधारी ब्र कु विधात्रि दीदी के सानिध्य में आत्म विकास शिविर का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें आत्मा का परिचय देते हुए दीदी ने बताया कि जिस प्रकार हम शरीर पर वस्त्र धारण करते हैं उसी प्रकार आत्मा शरीर रूपी वस्त्र को धारण कर अपना पार्ट बजाती है। सृष्टि की समस्त आत्माओं का परमपिता शिव परमात्मा सर्वशक्तिमान है। उन्ही से सर्व देवी देवताओं ने शक्ति प्राप्त की हुई है। रामेश्वर में राम जी ने गोपेश्वर में श्री कृष्ण जी ने, निर्भयता की देवी अष्ट भुजा धारी माँ दुर्गा उनका भी पूरा नाम शिव शक्ति है। परमात्मा शब्द भी मात्र शिव जी के साथ जोड़ा जाता। परमपिता शिव परमात्मा। अन्य सबको देवी देवता कहते है। और शिव जी को परमात्मा, शिव परमात्मा नमः। परमात्मा को ही ईश्वर और नाथ बोला जाता है। जैसे रामेश्वर, गोपेश्वर, ओंकारेश्वर महाकालेश्वर, विश्वनाथ, अमरनाथ, पशुपतिनाथ । क्योकि परमात्मा ही विश्व का नाथ अर्थात मालिक है। परमात्मा ही सुख शांति आंनद प्रेम का टॉवर है। उनसे जब हम आत्मिक कनेक्शन जोड़ते तो उनके गुण हमारे अन्दर आने लगते और हमारी आत्मा रूपी बैटरी चार्ज होने लगती।

# एक क्लिक और फोन हैक सोशल मीडिया पर चल रहा नया साइबर जाल

तेंदुखेडा और आसपास के इलाकों में साइबर अपराधियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। अब ये ठग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए एक नई तरह की धोखाधड़ी कर रहे हैं। व्हाट्सएप फेसबुक और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर शादी का आमंत्रण पीएम किसान योजना पीएम आवास योजना' जैसे आकर्षक नामों से APK फाइलें भेजी जा रही हैं। ये फाइलें दिखने में सामान्य लगती हैं। लेकिन इन पर क्लिक करते ही ये अपने आप डाउनलोड हो जाती हैं और उपयोगकर्ता के मोबाइल फोन को हैक कर लेती हैं। इससे न केवल व्यक्तिगत जानकारी चोरी हो रही है बल्कि बैंक डिटेल्स पासवर्ड और अन्य संवेदनशील डेटा भी साइबर अपराधियों के हाथ में जा रहे हैं।

**क्या है APK फाइल धोखाधड़ी**

APK फाइलें एंड्रॉइड ऐप्स की इंस्टॉलेशन फाइलें होती हैं, जो आमतौर पर Google Play Store के बाहर से डाउनलोड की जाती हैं। धोखेबाज लोगों को आकर्षक ऑफर और योजनाओं के नाम पर ये फाइल भेजते हैं। ये फाइलें मैलवेयर या स्पाइवेयर से भरी होती हैं जो मोबाइल में एक्सेस प्राप्त कर उपयोगकर्ता के डेटा बैंक डिटेल्स पासवर्ड आदि चुरा लेती हैं।

**कैसे हो रहा है शिकार**

स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर शादी के आमंत्रण, सरकारी योजनाओं के नाम पर लिंक और APK फाइल भेजी जा रही हैं। इन फाइलों पर क्लिक करते ही ये स्वतः डाउनलोड हो जाती हैं और मोबाइल हैक हो जाता है। एक पीड़ित ने बताया कि मुझे एक शादी के आमंत्रण का लिंक मिला। जैसे ही मैंने उसे खोलने की कोशिश की मेरे फोन में एक APK फाइल डाउनलोड हो गई और कुछ ही मिनटों में मेरा फोन हैक हो गया। सोशल मीडिया के जरिए होने वाली इस नई साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्कता ही सबसे बड़ा हथियार है। प्रशासन और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ लगातार लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। यदि हम खुद सतर्क रहेंगे और जागरूकता फैलाएंगे, तो इस तरह के साइबर अपराधों से बच सकते हैं। इसलिए, किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से पहले सोचें, सतर्क रहें और दूसरों को भी सतर्क करें।

**जालसाजो से बचने सतर्क रहें**

भारतीय जीवन बीमा निगम में विकास अधिकारी और सायबर तकनीकी मामलों के विशेषज्ञ मिथलेश त्रिपाठी का कहना है कि साइबर अपराधी अब सोशल मीडिया के जरिए फर्जी APK फाइलें भेजकर लोगों के मोबाइल हैक कर रहे हैं। इनसे बचने के लिए सतर्क रहना जरूरी है। अनजान नंबर से भेजे गए किसी भी लिंक या फाइल पर क्लिक न करें। हमेशा ऐप्स को Google Play Store से ही डाउनलोड करें और बाहरी स्रोतों से आई APK फाइलों को इंस्टॉल करने से बचें। अपने मोबाइल और ऐप्स को नियमित रूप से अपडेट करें और एक अच्छा एंटीवायरस इंस्टॉल करें। टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन को ऑन रखें और बैंकिंग से जुड़े OTP व पासवर्ड किसी से साझा न करें। धोखाधड़ी पर तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन का प्रयोग करें।

इस विषय पर तेंदुखेडा के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी मधुर पटैरिया का कहना है कि साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर किसी भी अनजान लिंक ए पी के फाइल या संदिग्ध ऑफर पर क्लिक करने से बचें। किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइटों का उपयोग करें। अगर कोई संदिग्ध लिंक या मैसेज मिले तो तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन (1930) या cybercrime.gov.in पर शिकायत करें।

**सरकार की पहल और प्रयास**

भारत सरकार साइबर धोखाधड़ी से निपटने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल लॉन्च किया है जहां कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन साइबर अपराध की शिकायत दर्ज करा सकता है। इसके अलावा साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 की भी शुरुआत की गई है, जिससे त्वरित सहायता प्राप्त की जा सकती है। सरकार ने डिजिटल सुरक्षा बढ़ाने के लिए इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर की स्थापना की है और डिजिटल पेमेंट फ्रॉड को रोकने के लिए बैंकों और टेलीकॉम कंपनियों के साथ मिलकर अभियान चला रही है। भारतीय रिजर्व बैंक भी लगातार साइबर सुरक्षा दिशानिर्देश जारी कर रहा है, ताकि ऑनलाइन धोखाधड़ी पर अंकुश लगाया जा सके।

## काले शीशों वाली गाड़ियां सड़कों पर फर्राटेदार दौड़ रही बेखौफ

**गोटेगांव** - सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट दिशा-निर्देश और मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के बावजूद गोटेगांव और आसपास के इलाकों में काले शीशों और डार्क सन-फिल्म लगी गाड़ियां खुलेआम सड़कों पर दौड़ रही हैं। यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के प्रयासों को भी कमजोर करता है। क्या कहते हैं कानून?मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अनुसार, वाहन के आगे और पीछे के शीशों में 70 प्रतिशत से अधिक दृश्य प्रकाश संचरण (विजुअल लाइट ट्रांसमिशन) होना चाहिए, जबकि साइड शीशों के लिए यह सीमा 50 प्रतिशत है। सुप्रीम कोर्ट ने 2012 में फैसला सुनाया था कि कारों में काली फिल्म या रंगीन शीशों का उपयोग पूरी तरह से अवैध है।क्यों लगाया गया प्रतिबंध-1काले शीशों का उपयोग अक्सर कारों के अंदर होने वाले अपराधों को छिपाने के लिए किया जाता है।2 कम दृश्यताःरंगीन शीशों के कारण वाहन चलाते समय दृश्यता कम हो जाती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।3सुरक्षा का सवालःसार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह प्रतिबंध लगाया गया था।गोटेगांव में इस कानून का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। काले शीशों वाली गाड़ियां हर दिन सड़कों पर दिखाई देती हैं,लेकिन स्थानीय प्रशासन और आरटीओ विभाग इस पर कार्रवाई करने में असफल दिख रहे हैं।**नागरिकों की मांग** -स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। लोगों ने कहा कि काले शीशों और अवैध सन-फिल्म लगी गाड़ियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाना चाहिए।**जुर्माने का प्रावधान**-अगर कोई वाहन निर्धारित सीमा से अधिक डार्क फिल्म का इस्तेमाल करता है, तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है। जरूरत पड़ने पर वाहन भी जब्त किया जा सकता है।प्रशासन का रुख-इस मुद्दे पर प्रशासन से प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस कानून की अनदेखी केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति संवेदनहीनता भी दर्शाता है। गोटेगांव में इसे लेकर एक सख्त अभियान चलाने की जरूरत है ताकि न केवल कानून का पालन हो, बल्कि लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।



## आचार्य श्री के प्रथम समाधि दिवस पर हुये विविध कार्यक्रम



तेंदूखेड़ा समाधि सम्राट युग महासंत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस माघ शुक्ल नवमी गुरुवार 6 फरवरी को तेंदूखेडा दिगंबर जैन समाज के द्वारा विविध धार्मिक आयोजन किये गये एवं समाधिष्ठ गुरुवर को अपने श्रद्धा सुमन समर्पित किये। प्रातः 6.30 बजे से महावीर दिगंबर जैन पाठशाला तेंदूखेडा के बच्चों एवं शिक्षिकाओं के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें बडी संख्या में समाज के वुजुर्गजन युवा महिलायें एवं बच्चे शामिल हुये रैली का समापन जैन मंदिर परिसर में हुआ। पं कमल कुमार शास्त्री ने गुरुवर को अपनी विनयांजलि समर्पित करते हुये कहा कि आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज का जन जन पर अनंत उपकार है उन्होंने जन जन के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है। भारत का हर व्यक्ति उनको धरती के भगवान मानता था, वे सच्चे अर्थों में जन जन के संत थे उनकी कृपा से ही आज हमें दिगंबर संतों के दर्शन सुलभ हो रहे हैं। गुरुदेव के उपकार को हम कभी भी चुका नहीं सकते हैं। उनके बताये हुये मार्ग का यदि हम आनुशरण करें तो उनके ऋण को हम कुछ कम कर सकते हैं। यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हम सौभाग्यशाली हैं कि हमने श्री विद्यासागर जी महाराज के युग में जन्म लिया। हमारी आनेवाली पीढी हमसे पूछेगी कि क्या आपने श्री विद्यासागर जी के साक्षात दर्शन किये हैं तो वह भी हमारे भाग्य को सराहेगी। सुबह 8 बजे से प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में पं कमल कुमार शास्त्री के निर्देशन में श्री विद्यागुरु मंडल विधान का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये।शाम को श्री भक्तामर पाठ एवं मंत्रोच्चारण के साथ अडतालीस दीप प्रज्ज्वलित किये गये एवं महा आरती की गई। श्री महावीर दिगंबर जैन पाठशाला के बच्चों शिक्षिकाओं एवं महिलाओं गणमान्यजन द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के जीवन के प्रेरक संस्मरण प्रस्तुत किये गये । ज्ञात हो कि विगत बर्ष छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ चंद्रगिरि में माघ शुक्ल नवमी 18 फरवरी को आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज इस मनुष्य लोक से महाप्रयाण कर अनंत समाधि में लीन हो गये थे। तिथि के अनुसार उनका प्रथम समाधि दिवस मनाया गया।

## ग्राम भामा में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर




गोटेगांव तहसील के अंतर्गत ग्राम भामा मे श्री जगतगुरु शंकराचार्य महाविद्यालय श्रीनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाई एवं विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ.शोभाराम मेहरा एवं महाविद्यालय प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ दिलीप पाठक के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा गोद ग्राम भामा मैं एक दिवसीय शिविर लगाया गया जिसमें माध्यमिक शाला भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के सूरत सिंह पटेल एवं माध्यमिक शाला अध्यापक श्यामसुंदर यादव महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.दिलीप पाठक एवं क्रीड़ा अधिकारी प्रोफेसर राहुल नेमा,विवेक जैन की उपस्थिति रही कार्यशाला का आयोजन के पश्चात माध्यमिक शाला भवन प्रांगण में पांच फलदार वृक्षों का रोपण किया गया इसके पश्चात ग्राम भामा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा जन जागरूकता रैली नशा मुक्ति रैली नुक्कड़ नाटक स्वच्छता के नारे लगाए गए कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर एसपी डेहरिया एवं महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अंकिता नामदेव के मार्गदर्शन में लगाया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में दलनायक हिमांशु दहायत एवं दलनायिका मनुश्री पटेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही